**Sixteenth Loksabha**

>

Title: Need to check the faulty voter's list of Delhi

**श्री प्रवेश साहिब सिंह वर्मा (पश्चिमी दिल्ली):** माननीय अध्यक्ष महोदया, दिल्ली में जो सरकार चल रही है, उसने एक अजीब सी स्थिति पैदा कर रखी है। दिल्ली में लाखों लोगों को दिल्ली सरकार द्वारा फोन किये जा रहे हैं और उन्हें कहा जा रहा है कि आपके वोट कट गए हैं और श्री अरविंद केजरीवाल जी आपके वोट को जुड़वा देंगे। अगर हम इलेक्शन कमीशन की वैबसाइट पर जाएं तो वोट कटने का ऐसा कोई आंकड़ा नहीं मिलता है। जो अरविंद केजरीवाल जी कह रहे हैं कि दिल्ली के 30 लाख लोगों के वोट काट दिए, वह ऐसा कैसे कह रहे हैं? जो दिल्ली का शिक्षा विभाग है, वह सारे पब्लिक स्कूलों को नोटिस दे रहा है, उनको सर्कुलर दे रहा है और उनसे जबरदस्ती उनके मां-बाप के डिटेल्स मांगे जा रहे हैं, उनके फोन नम्बर मांगे जा रहे हैं और उनके पेरेन्ट्स को फोन करके उनको गुमराह किया जा रहा है। ऐसी सरकार को बर्खास्त करना चाहिए।

मैं भारत सरकार से यह निवेदन करता हूं कि उनके ऊपर कार्रवाई करते हुए जो एफ.आई.आर. दर्ज हुई हैं, उनके ठिकानों पर रेड करके ऐसी सरकार को बर्खास्त किया जाए। धन्यवाद।

**माननीय अध्यक्ष:** श्री भैरों प्रसाद मिश्र तथा श्री शरद त्रिपाठी को श्री प्रवेश साहिब सिंह वर्मा द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।